# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 12.01.21**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन





आज दिनांक 12.01.2021 को स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस पर आयोजित "राष्ट्रीय युवा दिवस" के अवसर पर अध्यक्षा, वामा सारथी, उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, श्रीमती वाणी अवस्थी की प्रेरणा से जनपद खीरी स्थित पुलिस लाइन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल एवं जनपद अध्यक्षा, वामा सारथी, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, जनपद खीरी, श्रीमती अंशू (पत्नी पुलिस अधीक्षक खीरी) द्वारा संयुक्त रूप से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

साथ ही इस अवसर पर अपने संबोधन के माध्यम से स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आज के स्वाधीन, सुदृढ एवं शक्तिशाली भारत के निर्माण में स्वामी विवेकानन्द के अतुल्य योगदान को याद कर युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित एवं राष्ट्र की उन्नति हेतु कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन परिसर स्थित अध्ययन केन्द्र एवं नवीन पौधशाला का भी निरीक्षण कर वहां अध्ययन रत युवक/युवतियों से वार्ता कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## थाना निघासन पुलिस द्वारा अवैध नशीला पदार्थ बरामद कर अभियुक्त रानरायण को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद मे अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.01.2021 को थाना निधासन पुलिस द्वारा निघासन-ढखेरवा रोड, लखहा मोड़ के  पास से अभियुक्त रामनरायन पुत्र रामफल नि0 ग्राम लखहा म0 दुलही कोतवाली निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी जामा तलाशी से 300 अदद अल्प्राशेफ अवैध नशीली गोलियां की बरामद हुई है। जिसके संबंध में थाना निघासन पर अन्तर्गत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया है।

**पंजीकृत अभियोग विवरण**

मु0अ0सं0 12/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट

**बरामदगी विवरण**

प्लास्टिक की पॉलीथीन में 300 अदद अल्प्राशेफ अवैध नशीली गोलियां

**अभियुक्त राम नरायन का पूर्व आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 382/2020 धारा 307 भा0दं0वि0 कोतवाली पलिया खीरी
2. मु0अ0सं0 207/2001 धारा 307 भादवि ;पुलिस मुठभेड़, कोतवाली निघासन खीरी
3. मु0अ0सं0 208/2001 धारा 3/25 आयुध अधिनियम कोतवाली निघासन खीरी
4. मु0अ0सं0 375/2016 धारा 324/323/504 भा0दं0वि0 कोतवाली निघासन खीरी
5. मु0अ0सं0 197/1993 धारा 364/420/504/506 भादवि कोतवाली निघासन खीरी

## थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा सट्टा लगाते हुए अभियुक्त शफी खाँ को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में समाज विरोधी क्रिया कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा अभियुक्त शफी खाँ पुत्र अच्छन खाँ नि0 शुक्लापुर थाना मोहम्मदी खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद मोबाइल फोन, 1660 रू0 नगद व 01 अदद सट्टा पर्ची बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना निघासन पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में समाज विरोधी क्रिया कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना निघासन पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 04 अभियुक्तों 1. गोविन्द पुत्र चेतराम 2. शैलेन्द्र पुत्र ब्रजमोहन 3. सूरज पुत्र बबलू 4. सन्दीप पुत्र छड़ीराम सर्व नि0गण कस्बा व थाना निघासन खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 600 रू0 नगद व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किया गए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **132 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार** किया गया है। विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | थाना | बरामदगी | गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | थाना पसगवां | 40 लीटर | 02 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 2. | थाना खीरी | 40 लीटर | 03 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 3. | थाना मोहम्मदी | 22 लीटर | 02 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 4. | थाना कोतवाली सदर | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 5. | थाना फूलबेहड़ | 10 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| | कुल योग | 132 लीटर | 09 अभियुक्त गिरफ्तार |